# BHADOHI POLICE

## प्रेस विज्ञप्ति

## जनपद भदोही

## दिनांक-04.05.2025

**◆थाना औराई पुलिस टीम द्वारा महिला राहगीरों से जेवर चोरी करने वाली 02 शातिर महिला चोर गिरफ्तार**

**◆कब्जे से खर्च के उपरांत शेष बचा ₹4035/- बरामद**

**◆चोरी किए गए जेवरों को बेचकर अपने शौक को पूरा करने में करती थी खर्च**

दिनांक-02.05.2025 को वादिनी संगीता देवी पत्नी श्री जयशंकर राय निवासी जम्मनपुर (उपरवार) सेवापुरी वाराणसी जनपद भदोही द्वारा थाना औराई पर सूचना दिया गया कि दिनांक 18.04.2025 को अपने पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने हेतु आटो में कछवा चौराहा से औराई जाते वक्त दो महिलाएं भी उसे ऑटो में बैठी थी जो उनके हैंडबैग पर हाथ रखती व उनके मुंह को ढकने का प्रयास कर रही थी। औराई चौराहे से पहले वह आटो से उतर गई, उतरने के बाद अपना हैंडबैग को चेक किया तो उसका चैन खुला हुआ पाया उसमें रखा सोने की चेन व झुमका (कीमती लगभग तीन लाख रुपए) चोरी हो गया था ।काफी खोजबीन करने के बाद भी दोनों महिलाओं का कुछ पता नहीं चल पाया। सूचना पर अज्ञात के विरुद्ध थाना औराई पर मु0अ0सं0-191/2025 धारा-303(2) भा.न्या.सं. का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

**श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-04.05.2025 को थाना औराई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के सूचना पर उक्त चोरी की घटना करने वाली कुल-02 शातिर महिला चोर 1. अलका उर्फ रश्मि पत्नी रोहित 2. बर्षा पत्नी मकदेवा निवासीगण नई बाजार बस्ती हनुमानगढ़ थाना बिन्ध्याचल जनपद मिर्जापुर को औराई से मिर्जापुर की तरफ जाने वाली टेम्पो स्टैण्ड बीकानेर स्वीट हाउस के पास से गिरफ्तार करते हुए कब्जे से पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित सामान की बिक्री से खर्च के उपरांत शेष बचा ₹4035 बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।

**पूछताछ का विवरण**

दोनो अभियुक्ता ने बताया कि हम लोग भीड़भाड़ वाले स्थान पर खडे होकर सीधी साधी महिलाएं जो जेवर पहने रहती है तथा अपने साथ कीमती सामान लिए हुए रहती है को रैकी करने के पश्चात विश्वास कर लेते है कि इनके पास कीमती सामान है तथा जिस वाहन में उस तरह की महिला बैठती है उसी वाहन में हम दोनो सवार होकर के अपने मीठी मीठी बातों में फंसाकर मौका पाते ही उनकी जेवर व नगदी चोरी करके रास्ते में उतरकर आने जाने वाले व्यक्तियो को सामान दिखाकर औने पौने दामो पर बेचकर ऐशोआराम की जिन्दगी व्यतीत करते हैं। आप द्वारा जामा तलाशी में जो 4035/- रूपया बरामद किया गया है वह रुपया दिनांक 18.04.2025 को हम दोनो ने कछवा मोड पर रैकी करने के पश्चात एक टेम्पो में सवार एक सीधी साधी

महिला के पर्स से एक सीकड़ी जो देखने में सोने जैसा लग रही थी तथा 6000/- रूपया नगद चोरी करके औराई चौराहा पर उतरकर मिर्जापुर आ गये थे तथा सीकड़ी को एक व्यक्ति जिसको हम जानते पहचानते नही है राह चलन्तु को बेच दिया था तथा जिससे 12000/- रूपया मिला था उस पैसे से हम लोग महंगे महंगे होटल में मन पसन्द खाना खाये तथा एशो आराम की जिन्दगी व्यतीत करने मे पैसा खर्च कर दिये आज भी हम दोनो औराई चौराहे पर चोरी करने के नीयत से आने जाने वाले व्यक्तयो का रैकी कर रहे थे कि आप द्वारा पकड़ लिये गये।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1. अलका उर्फ रश्मि पत्नी रोहित उम्र करीब 26 वर्ष
2. बर्षा पत्नी मकदेवा उम्र 28 वर्ष

निवासीगण नई बाजार बस्ती हनुमानगढ़ थाना बिन्ध्याचल जनपद मिर्जापुर

**बरामदगी-**

खर्च के उपरांत शेष बचा ₹4035/- बरामद

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

उ0नि0 नथुनी सिंह, का0 शुभम पाण्डेय, म0का0 सविता ,म0का0 मनीषा थाना औराई जनपद भदोही

